# स्टार्टअप और एमएसएमई के विस्तार के लिए आज से मंथन

## उत्तर प्रदेश पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, एमएसएमई विभाग व गेट ए फ्रेंचाइज एलएलपी और यूपी एंजेल नेटवर्क का संयुक्त प्रयास

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उद्योग नगरी के रूप में स्थापित कर एक नई मिसाल प्रस्तुत करने के लिए प्रदेश सरकार के संकल्प में शहर के उद्योगपति एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसमें उन्हें सरकारी विभागों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में दो दिवसीय एक्सपो और कॉन्क्लेव 22 दिसंबर से गोमतीनगर स्थित दयाल गेटवे परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

यह आयोजन उत्तर प्रदेश पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, एमएसएमई विभाग व गेट ए फ्रेंचाइज एलएलपी और यूपी एंजेल नेटवर्क का संयुक्त प्रयास

### रिटेल फ्रेंचाइज, एमएसएमई और स्टार्टअप एक्सपो-कॉन्क्लेव-2022 का आयोजन

**अमर उजाला है मीडिया पार्टनर**

है। इसमें अमर उजाला मीडिया पार्टनर है। दो दिन तक चलने वाले कॉन्क्लेव में देशभर से 75 से अधिक एमएसएमई कंपनियां शिरकत करेंगी और भविष्य की संभावनाओं पर मंथन करेंगी।

इस दौरान एक भव्य प्रदर्शनी भी लगेगी, जिसमें सरकारी विभाग के साथ निवेश आदि के एमओयू की अपार संभावनाएं तलाशी जाएंगी। पहले दिन प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, खादी और ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा और कपड़ा मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि होंगे होंगे। दूसरे दिन नगर विकास, रोजगार, गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग नवनीत सहगल, विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग डॉ. अखिलेश सिंह, निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद अंजनी कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

### Sigurd जानें अमर उजाला के अनूठे स्टार्टअप के बारे में

अमर उजाला का नया वर्टिकल, स्टार्टअप सिगर्ड है। इसके तहत समस्याओं से जूझते आम आदमी की बुनियादी दिक्कतों को दूर करने के प्रयास किए जाते हैं। काम करने के एकदम अलग तरीके और एकदम हटकर लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे सिगर्ड को फार्म्स, कॉन्सिसेंट, कार्किनोस, फूड स्ट्रांग, ग्रो सिंपली जैसे स्टार्टअप का साथ मिला है।

**अमर उजाला रच रहा नए आयाम :** अमर उजाला लिमिटेड के निदेशक-प्रमोटर हैं तन्मय माहेश्वरी। अमर उजाला ऑफलाइन व ऑनलाइन मीडिया की दुनिया में नए आयाम रच रहा है। आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दमदार उपस्थिति दर्ज करा चुकी कंपनी बीते 75 वर्षों से राष्ट्र की समृद्धि में अपना योगदान दे रही है। अमर उजाला समूह डिजिटल प्रकाशन, स्वास्थ्य, कॉमर्शियल प्रिंटिंग, एड-टेक आदि क्षेत्रों में भी अपना योगदान दे रहा है।

### शांति ग्रुप का भी बड़ा योगदान

शांति ग्रुप के निदेशक हैं हर्षित अग्रवाल। तेल-गैस, खनन, लॉजिस्टिक पार्क, स्वास्थ्य-देखभाल, शिक्षा, कमोडिटी ट्रेडिंग आदि क्षेत्रों में सशक्त उपस्थिति दर्ज करा चुका है ये ग्रुप। समूह के साथ 40 से अधिक स्टार्टअप संबद्ध हैं। भारत पे, रेमेडिको, गेटवेंटेज, बीमा प्लान, राउंड लेब्स के शुरुआती निवेशक के रूप में भी आपको जाना जाता है।

# फार्मा पार्क के लिए जमीन खरीदने पर स्टांप ड्यूटी में पूरी तरह छूट

लखनऊ। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार ने कहा है कि उद्यमी समूह बनाकर फार्मास्युटिकल पार्क बनाएं। सरकार उनकी पूरी तरह से मदद करेगी। फार्मा पार्क के लिए जमीन खरीदने पर स्टांप ड्यूटी में पूरी तरह से छूट है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए 15 फीसदी तक कैपिटल सब्सिडी की व्यवस्था की गई है। यह अधिकतम 25 करोड़ तक होगी। वह खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से बुधवार को लखनऊ के एक होटल में आयोजित फार्मास्युटिकल उद्योग बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उद्यमियों ने मांग उठाई कि प्रदेश में तैयार होने वाली दवा और डिवाइस को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने सरकारी खरीद में स्थानीय कंपनियों को तवज्जो देने की मांग की। उद्यमियों ने कम मूल्य पर भूमि उपलब्ध क राने, बिजली की दरों को कम करने और विभिन्न सब्सिडी में समयबद्धता लाने की बात कही। एफएसडीए की प्रमुख सचिव अनीता सिंह ने उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल उद्योग नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विभाग की प्रमुख सचिव ने बताया कि फार्मा उद्योग के हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। ब्यूरो

### यूपी सबसे सशक्त अर्थव्यवस्था वाला राज्य

आयुष एवं एफएसडीए राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने फार्मा उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर तरह की मदद करने के लिए तैयार है। एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी तक राज्य की अर्थव्यवस्था को पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। निवेशकों को भरोसा दिलाया कि निवेश के लिए प्रदेश में बेहतर माहौल के साथ सुरक्षित वातावरण, ट्रेड वर्क फोर्स, बेहतर कम्युनिकेशन, कनेक्टिविटी एवं गवर्नमेंट सपोर्ट के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।